### एक नजर में

#### पुलिसकर्मी से मारपीट करने वालों की तलाश

**भोपाल.** छोला मंदिर थाने में एक पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों का पुलिस को सुराग अभी नहीं मिला है. ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी के साथ दो आरोपी युवकों ने करीब तीन दिन पहले मारपीट की थी. कांस्टेबल गुलाब किरार अपनी ड्यूटी के दौरान भानपुर चौराहे पर थे. उसी समय एक चालक कार को रांग साइड में चलाता दिखा. गुलाब तुरंत ही कार के पास पहुंचे और चालक से लाइसेंस सहित दस्तावेज मांगे. इस बात से नाराज कार चालक और उसके एक साथी ने दुहसाहस दिखाते हुए कांस्टेबल गुलाब .उनकी आंख के पास कड़े से हमला कर दिया था.

#### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल.** कजलीखेड़ा इलाके में दो अज्ञात बदमाशों ने बाइक सवार एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. पीछे से आ रहे युवक के दोस्त, जब वहां पहुंचे तो बदमाश भाग निकले. दोस्तों ने ही घायल को अस्पताल पहुंचाया. मामला सामने आने के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश जुट गई है. सोनू करोसिया (27) टीला जमालपुरा का रहने वाला है और एक कंपनी में काम करता है. रविवार को सोनू तीन दोस्तों के साथ कजलीखेड़ा ग्राम बोरदा घूमने गया था. देर शाम बाइक से वापस लौटते समय सोनू के साथ वारदात हो गई. अज्ञात बदमाशों ने सोनू पर हमला करने के बाद उसके वाहन को भी तोड़ दिया.

#### बच्ची पर दो पालतू कुत्तों ने किया हमला

**भोपाल.** गांधी नगर क्षेत्र में साइकिल चला रही 9 वर्षीय बच्ची पर दो पालतू कुत्तों ने हमला कर दिया. दोनों कुत्तों ने बच्ची के पैरों में काट लिया. बच्ची के पिता ने डंडा मारकर उसे कुत्तों से छुड़ाया और उपचार के लिए अस्पताल ले गए. बच्ची के पिता ने पुलिस थाने में एफआईआर कराई है. टैगोर वार्ड निवासी कृष्णकांत रावत ने बताया कि उनकी 9 वर्षीय बेटी गौरवी घर के सामने सड़क पर साइकिल चला रही थी. इसी दौरान घर के सामने रहने वाले रामू और उसकी पत्नी संजना अपने दो पालतू कुत्तों के साथ घर के बाहर खड़े थे. कृष्णकांत के मुताबिक, उनकी बेटी साइकिल से कुत्तों के पास से निकली. आरोप है कि संजना ने कुत्तों को अचानक उकसाया.

## 1.25 रु. से बढ़कर 2 रु. किमी हुआ बस किराया

**बस ऑपरेटर किराया बढ़ोतरी से संतुष्ट नहीं**

**बढ़ा किराया लागू नहीं करेंगे बस ऑपरेटर**

**07 अगस्त रात 12 बजे से जाएंगे हड़ताल पर**




नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 5 अगस्त. प्रदेश सरकार ने चलने वाली बसों का किराया बढ़ा दिया है. यह बढ़ोत्तरी बस ऑपरेटर यूनियनों की मांग पर की गई है. पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी होती रही है. अब सामान्य बसों का मूल किराया 2 रुपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर होगा, जिसमें न्यूनतम किराया 10 रुपए तय किया गया है.**

यानी की पहले स्टॉप चाहे वह एक किलोमीटर का हो या फिर पांच किलोमीटर का 10 रुपए ही किराया लगेगा. बस ऑपरटरों ने बताया कि पांच साल से हम किराया बढ़ाने की मांग करते आ रहे हैं. लेकिन सरकार ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया. आखिरी बार 2021 में किराए में बढ़ोतरी की गई थी. जब डीजल का भाव ही 65 रुपए था. अब डीजल 101 रुपए लीटर हो गया है वहीं किराये में बढ़ोतरी बहुत कम की गई है. जो संतोषजनक नहीं है.

### फिर भी बस संचालक संतुष्ट नहीं

हम इस किराये बढ़ोतरी से संतुष्ट नहीं है .सरकार के सामने सात मांगें रखी थीं, जिनमें से दो पूरी हुई हैं. 2.50 रु प्रति किमी किराया करने की मांग की थी, जो 2 रुपए की गई है. जब तक हमारी सभी मांगें नहीं मान ली जातीं, तब तक किराया नहीं बढ़ाएंगे. 7 अगस्त तक का सरकार को समय दिया है. 7 अगस्त की रात 12 बजे से सभी बस ऑपरेटर हड़ताल पर चले जाएंगे.

**-जयकुमार जैन,** महामंत्री, मप्र बस ऑनर एसासिएशन

प्रदेश सरकार ने बस किराये में बढ़ोत्तरी की है. उससे हमें कुछ राहत मिली है. हम एक बार फिर से किराये में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार के समक्ष अपनी बात रखेंगे. ये बढ़ोतरी मामूली हैं.

**सुरेंद्र तनवानी,** संचालक विंध्य ट्रेवल्स

इंदौर का का किराया 250 रुपए लिया जाता था. किराया बढ़ने के बाद अब यह लगभग 300 रुपए हो जाएगा. इससे जहां बस मालिकों को तो राहत मिली है लेकिन यात्रियों में गिरावट होने की संभावना रहेगी, क्योंकि इंदौर के लिए ट्रेन का किराया कम है. **राहुल गुर्जर,** बस संचालक,मां श्री शारदा बस सर्विस

### प्रतिशत में बढ़ा किराया

सामान्य किराये :10% अधिक.
डीलक्स बस (नॉन एसी): 25% अधिक
स्लीपर बस: 40% अधिक
डीलक्स बस (एसी): 50% अधिक
सुपर लग्जरी कोच (ए.सी.): 75% अधिक.
-डीलक्स, स्लीपर और लग्जरी बसों पर कोई अतिरिक्त नाइट चार्ज नहीं लगेगा. इसके अलावा एक्सप्रेस बस सेवाओं के लिए भी यात्रियों से कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं वसूला जाएगा.

## लालच के नाम पर की गईं साइबर ठगी

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 5 अगस्त. साइबर ठगी के मामलों की जांच में कोहेफिजा पुलिस के सामने एक ऐसा नेटवर्क सामने आया है, जो लोगों को 20 प्रतिशत तक कमीशन का लालच देकर उनके बैंक खाते खुलवाता या इस्तेमाल के लिए लेता था.**

बाद में इन खातों को साइबर ठगों को उपलब्ध कराया जाता था. ठगी की रकम इन्हीं खातों में मंगाई जाती और इसके बाद नकद निकासी या दूसरे खातों में स्थानांतरण के जरिए रकम आगे पहुंचाई जाती थी. पुलिस ने राजगढ़ जिले के ब्यावरा निवासी करतार सिंह को गिरफ्तार किया है. वह भोपाल के इंद्रपुरी इलाके से नेटवर्क संचालित कर रहा था. उसके कब्जे से 10 बैंक खातों की पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं. करतार राजस्थान में सक्रिय साइबर ठगों को भोपाल के लोगों के खाते उपलब्त कराता था. इस मामले में पुलिस जोधपुर निवासी महेश बिश्नोई और विकास पुनिया को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है.

### शहर में हुईं ठगी की 4 वारदातें

1. **लोन के नाम पर बैंक खाता-एटीएम लिया...** अनूप शर्मा से लोन दिलाने के नाम पर बैंक का एटीएम कार्ड और मोबाइल ले लिया गया. इसके बाद उसके खाते में 50 हजार रुपए जमा कर 40 हजार रुपए निकाल लिए गए.
2. **बजाज फाइनेंस के नाम पर की ठगी...** कोलार रोड निवासी राजेश मालवी को लोन दिलाने के नाम पर ठग ने बजाज फाइनेंस का कर्मचारी बनकर संपर्क किया. आधार कार्ड, पैन कार्ड और चेक की प्रति हासिल की गई. इसके बाद प्रसंस्करण शुल्क, कर और बीमा शुल्क के नाम पर 59,699 रुपए ऑनलाइन जमा करा लिए गए.
3. **निवेश के नाम पर 38 लाख वसूले...** 78 वर्षीय मधुलता जायसवाल से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर करीब 38 लाख रुपए लेने का मामला भी सामने आया है.
4. **मोबाइल अपडेट करते ही 52 हजार पार...** ऐशबाग में श्यामलाल मांडिया ने बताया कि उनके मोबाइल पर अपडेट करने के लिए ओके बटन का विकल्प आया था. ओके पर क्लिक करने पर 52 हजार रुपए खाते से निकल गए.

## कर्मचारी ने ही बेच दिए 16 आईफोन और 4 आईपैड

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया
- बेचे गए सामान की कीमत 15-16 लाख

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 5 अगस्त. एमपी नगर जोन-1 स्थित एप्पल उत्पादों के स्टोर से कर्मचारी और मार्केटिंग एजेंट द्वारा करीब 15 से 16 लाख रुपए कीमत के मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बेचकर रकम हड़पने का मामला सामने आया है. क्राइम ब्रांच ने आरोपी कुलदीप कुमार, निवासी कोलार के खिलाफ केस दर्ज किया है.**

पुलिस के अनुसार, एमपी नगर जोन-1 में एप्पल उत्पादों का स्टोर संचालित करने वाले मनीष पटेल ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी. उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2025 में कुलदीप कुमार को स्टोर में कर्मचारी एवं मार्केटिंग एजेंट के तौर पर नियुक्त किया गया था. कुलदीप ने बिना अनुमति और बिना लेखा-जोखा दर्ज किए 16 आईफोन, 4 आईपैड, एक मैकबुक और एक एप्पल वॉच अल्ट्रा-2 विभिन्न लोगों को बेच दिए.

#### पत्नी के मायके जाने के बाद युवक ने की खुदकुशी

**भोपाल.** कजलीखेड़ा क्षेत्र में पत्नी के मायके जाने के बाद एक 24 साल के युवक ने जान दे दी. युवक ने अपने घर में फांसी लगा ली. मौके पर पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ. जानकारी के मुताबिक गोलू नदानिया बाल्मीकि मोहल्ला कालापानी में रहता था. वह प्रायवेट काम करता था. जानकारी के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले उसकी पत्नी के साथ अनबन हो गई और वह मायके चली गई. पत्नी के मायके जाने के बाद गोलू लगातार तनाव में रहता था. मंगलवार को गोलू ने घर में दुपट्टे से फांसी के फंदा बनाया और उस पर लटका गया. अब पुलिस गोलू के घर वालों और ससुराल पक्ष के लोगों का बयान दर्ज करेगी.

## बेकाबू तेज रफ्तार कार ने मचाई तबाही

**2 ऑटो में टक्कर मार कर घुसी रेस्टोरेंट में**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 5 अगस्त. लालघाटी चौराहे पर रात के समय एक बेकाबू तेज रफ्तार कार ने तबाही मचा दी. ऑटो स्टैंड पर खड़े 2 ऑटो को पहले कार चालक ने टक्कर मारी. इसके बाद कार सड़क की दूसरी तरफ स्थित एक रेस्टोरेंट में घुस गई.**




कार छोड़कर सवार युवक मौके से भाग निकले. कोहेफिजा पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया है. जानकारी के मुताबिक 50 वर्षीय रघुवीर यादव ने बताया कि लालघाटी चौराहे पर उनका रेस्टोरेंट है. बुधवार-मंगलवार देर रात करीब ढाई बजे एक चालक अपनी कार को तेजी और लापरवाही चलाते हुए पहले दो आटो में टक्कर मारी.

इसके बाद अनियनियंत्रित कार उनके रेस्टोरेंट में घुस गई, जिससे वहां का मुख्य पिलर टूट गया और उसमें लगा शटर भी उखड़ गया. इस लापरवाही के चलते रेस्टोरेंट में रखा पूरा सामान तहस-नहस हो गया और लाखों का नुकसान हो गया. हादसे के बाद मौका पाकर कार में सवार सभी लोग भाग निकले. पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

## रोहित गृह निर्माण सहकारी संस्था के चुनाव जल्द होंगे

**14 से पहले जमा होंगे दस्तावेज**

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 5 अगस्त. लंबे समय से वाद विवाद से घिरी बावड़िया कला की रोहित गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित के संचालक मंडल के चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं.**

चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए संस्था के सभी सदस्यों को राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अपने पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस के साथ मोबाइल नंबर मतदाता सूची में दर्ज कराने होंगे. संस्था के प्रशासक अनिल कुमार रावत ने बताया कि सभी सदस्य उपरोक्त में से कोई एक पहचान पत्र और मोबाइल नंबर पुराना सचिवालय स्थित डी-ब्लॉक, उपायुक्त सहकारिता कार्यालय में दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच 14 अगस्त से पहले जमा करा सकते हैं। इसके अलावा सदस्य चाहें तो अपने ये दस्तावेज मोबाइल नंबर 8319622547 पर वॉट्सएप पर भी भी भेज सकते हैं, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके.

## 60 इलाकों में आज बिजली कटौती होगी

**03 से 6 घंटे तक नहीं होगी सप्लाई**




नवभारत न्यूज

**भोपाल, 5 अगस्त. बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस किए जाने के कारण गुरुवार को राजधानी के करीब 60 इलाकों में 3 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी. जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें बावड़ियाकलां, नयापुरा, विनीतकुंज, राजहर्ष कॉलोनी, राजधानी परिसर, बैरागढ़ रोड, बरेला गांव, बंजारी समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं. ऐसे में बिजली संबंधित जरूरी काम पहले से निपटा लें. ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े.**

जानकारी के अनुसार सुबह 5.30 से 6.30 बजे तक सिग्नेचर 360, पवित्र परिसर, कृष्णा हाइट, कस्तूरी रॉयल, इंद्रप्रस्थ हाइट, सिग्नेचर सिटी, अटलांटिस कॉलोनी, शिव कस्तूरी वाटिका, त्रिभुवन विहार, रामायण कॉलोनी, हेवेंस लाइन कॉलोनी, शंकराचार्य सेफरान निकुंज हाइट्स एवं आसपास बिजली सप्लाई बंद रहेगी. सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक डीके देवस्थली फेस-1 और 2, पल्लवी नगर, ओपेल रेसीडेंसी, सुरेंद्र रेजीडेंसी, बावड़ियाकलां, वरुण सोसायटी एवं आसपास के क्षेत्र औरसुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक ओम नगर, सावन नगर, हलालपुर बस स्टैंड, बैरागढ़ रोड, लालघाटी, बरेला गांव एवं आसपास बिजली कटौती होगी. इसी तरह सुबह 10 दोपहर 3 बजे तक विनीतकुंज ए सेक्टर, सीआई हाइट्स, सांई स्टील, आईना बंगलो, राजहर्ष कॉलोनी, बंजारी एवं आसपास और सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आरके परिसर कॉलोनी, वरुण नगर, स्वागत बंगलो, पलासी, एलेक्सर ग्रीन, नाइश स्पेश कॉलोनी, राजनगर, प्रिंस प्रेडिसाइड, संजीव नगर, पुलिस हाउसिंग सोसायटी, नयापुरा, नेवरी एवं आसपास के इलाके में बिजली बंद रहेगी. इसी तरह सुबह 10 से शाम 4 बजे तक डाइमंड सिटी, कस्तूरी कार्टियार्ड, राजधानी परिसर, ई-4 और 5 सेक्टर, बिट्ठन मार्केट, गिरीशकुंज, अपेक्स बैंक गेस्ट हाउस, 10 नंबर मार्केट एवं आसपास के इलाके औरसुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक रीगल होम्स, बंगाली कॉलोनी, पूर्वांचल फेस-2, शिवलोक फेस-2 और 6, न्यू श्रीराम परिसर एवं आसपास कटौती रहेगी.

## फरार आरोपियों की तलाश

### फर्जी पुलिस बनकर लूटी थी चेन

**04 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 5 अगस्त. फर्जी पुलिस गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद मिसरोद पुलिस फरार दो आरोपियों की तलाश कर रही है. पुलिस एक महिला सहित चार आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है. युवक अभिषेक की लूट गई सोने की चेन भी अभी बरामद नहीं की जा सकी है. मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है.**

जानकारी के मुताबिक आरोपी महिला पवित्रा लालजी के साथ गिरोह के अन्य लोग अरशद खान, फरहान खान और अरशद खान को पुलिस ने वारदात के बाद मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था.

चारों आरोपियों के साथ वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी फिलहाल पुलिस की पकड़ से दूर हैं, जिनकी तलाश की जा रही है. गिरफ्त में आए आरोपियों ने अपना गुनाह भी स्वीकार किया है. फरियादी अभिषेक राजपूत की शिकायत पर मिसरोद पुलिस की मामले में कार्रवाई जारी है.

## ज्वेलरी दुकान की पिछली दीवार तोड़कर चोरी

### गांधी नगर के झूलेलाल मार्केट में वारदात


**भोपाल, 5 अगस्त. गांधी नगर स्थित झूलेलाल मार्केट में चोरों ने महालक्ष्मी ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाते हुए पिछली दीवार तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोर दुकान की दीवार में बड़ा छेद कर अंदर दाखिल हुए और शोकेस, दराज व अलमारी में रखे चांदी के जेवर तथा करीब 20 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए.**

प्रारंभिक आकलन में करीब 500 ग्राम चांदी के जेवर, जिनकी कीमत लगभग 1.10 लाख रुपए बताई जा रही है, चोरी होने की बात सामने आई है. पुलिस के अनुसार, नरेंद्र हासवानी (21) निवासी आर्चर्ड मैजेस्टी, गांधी नगर, भोपाल महालक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान का संचालन करते हैं. उन्होंने पुलिस को बताया कि 4 अगस्त की रात करीब 8 बजे उन्होंने दुकान बंद की थी और प्रबंधक सूरज मालवीय के साथ घर चले गए थे. रात में दुकान पूरी तरह बंद थी. 5 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे दुकान के प्रबंधक सूरज मालवीय ने दुकान खोली. अंदर प्रवेश करते ही उन्हें दुकान का सामान बिखरा हुआ दिखाई दिया.

### प्रोफेसर के सूने घर से जेवर ले उड़े चोर



**भोपाल.** रातीबड़ क्षेत्र के नीलम परिसर में एक प्रोफेसर के सूने मकान को चोरों ने निशाना बना लिया. चोर घर से सोने-चांदी के जेवर, टैबलेट और मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए. पुलिस के अनुसार, जयसिंह पवार (36) नीलम परिसर, मेंडोरी रोड, रातीबड़ में किराए से रहते हैं और सिकंदराबाद स्थित सिस्टेक कॉलेज में प्रोफेसर हैं. जयसिंह ने पुलिस को बताया कि 1 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 12.30 बजे वह पत्नी और बच्चे के साथ काम से इंदौर गए थे. 5 अगस्त की रात करीब 1 बजे जब वे इंदौर से वापस घर पहुंचे तो मुख्य गेट पर ताला नहीं लगा था. उनका रियलमी कंपनी का टैबलेट, सूटकेस में रखे सोने-चांदी के इस्तेमाल किए जाने वाले जेवर और घर के नीचे खड़ी एचडी रोडस्टार मोटरसाइकिल गायब मिली.



### डिवाइडरों को पेंट करने का काम


**भोपाल.** एयरपोर्ट रोड पर डिवाइडरों को पेंट करने का काम किया जा रहा है. इस व्यस्तम मार्ग पर सड़क सुरक्षा को लेकर काम किया जा रहा है.

**अनदेखी** लिंक रोड-2 समेत कई प्रमुख सड़कें अंधेरे में

## 65 हजार स्ट्रीट लाइटों में 20 हजार बंद

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल , 5 अगस्त. दिन में स्मार्ट सिटी की पहचान बनाने वाला भोपाल रात होते ही अंधेरे में डूब जाता है. लिंक रोड-2 सहित शहर की कई प्रमुख सड़कें स्ट्रीट लाइटों के अभाव में खतरनाक बन चुकी हैं. तेज रफ्तार वाहनों के लिए यह अंधेरा कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है.**





वहीं, सुनसान और अंधेरे रास्ते असामाजिक तत्वों को भी वारदात का मौका दे रहे हैं .नगर निगम की लापरवाही और खराब स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के कारण आम नागरिक हर रात डर और असुरक्षा के साये में सफर करने को मजबूर हैं.

शहर में लगभग 65 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जिनमें से करीब 20 हजार बंद हैं. इनमें 15 हजार लाइटें मेट्रो परियोजना और एनएचएआई के निर्माण कार्यों के कारण बंद हैं, जबकि औसतन 5 हजार लाइटें तकनीकी खराबी या अन्य कारणों से रोज बंद रहती हैं. राजधानी का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा पर्याप्त रोशनी से वंचित है.अरेरा हिल्स, मालवीय नगर, रोशनपुरा और एमपी नगर जैसे प्रमुख इलाकों में भी अंधेरा बना रहता है, जिससे हजारों लोगों को परेशानी होती है.

### इनका कहना है...

इस पूरे मामले पर महापौर मालती राय ने कहा कि स्ट्रीट लाइट की समस्या को गंभीरता से लिया गया है. उन्होंने बताया कि तकनीकी टीम से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे. जहां-जहां स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, वहां तत्काल प्रभाव से मरम्मत कर व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और बेहतर रोशनी की सुविधा मिल सके.